मेरी छोटी सी गौरा बनेगी दुल्हनिया

मेरी छोटी सी गौरा बनेगी दुल्हनिया,
सज के आएँगे भोले बाबा,
ब्रम्हा विष्णु बजाएँगे बाजा,
ओ मेरी छोटी सी गौरा....

सोलह श्रृंगार मेरी गौरा करेगी,
हल्दी लगेगी और मेहँदी लगेगी,
गौराजी के नथनों में,
झूमेगी नथनिया,
और झूमेंगे भोले बाबा,
ब्रम्हा विष्णु बजाएँगे बाजा,
ओ मेरी छोटी सी गौरा....

फूलों में सजेगी गौरा डोली में बैठेगी,
धरती पे गौरा रानी पाँव ना धरेगी,
सोने की पालकी में गौरा को बैठा के,
ले जाएंगे भोले बाबा.
ब्रह्मा विष्णु बजाएंगे बाजा,
ओ मेरी छोटी सी गौरा......

परवत पर चली जाएगी गौरा,
होंठ हसेंगे और रोएंगे नैना ,
संकट के समय पे,
अपनी गौरा को बुलाएंगे,
लेके आएँगे भोले बाबा,
ब्रह्मा विष्णु बजाएंगे बाजा,
ओ मेरी छोटी सी गौरा...

मेरी छोटी सी गौरा,
बनेगी दुल्हनिया,
सज के आएँगे भोले बाबा,
ब्रम्हा विष्णु बजाएँगे बाजा,
ओ मेरी छोटी सी गौरा......

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28129/title/meri-choti-si-gaura-banegi-dulhaniya

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |